



# 720 ठिकानों पर दबिश, अवैध शराब जब्त, 16 गिरफ्तार

**खास बातें**
- विदिशा में पुलिस का मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन
- एक रात में 292 वारंट तामील, 340 पुलिसकर्मियों की बड़ी कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 अप्रैल, जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने 31 मार्च से 1 अप्रैल की मध्यरात्रि के बीच मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया. इस व्यापक कार्रवाई में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से 340 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने एक साथ 720 ठिकानों पर दबिश दी.**

यह अभियान पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देश, आईजी भोपाल (देहात) जोन संजय तिवारी एवं डीआईजी (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया. अभियान के दौरान 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी स्वयं मैदान में उतरकर कार्रवाई का नेतृत्व करते नजर आए.कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वारंट तामील में बड़ी सफलता हासिल की. कुल 292 वारंट निष्पादित किए गए, जिनमें 28 स्थायी वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट और 171 जमानती वारंट शामिल हैं.इसके अलावा 116 हिस्ट्रीशीटरों की जांच की गई तथा 199 बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई. पुलिस ने 75 होटल-ढाबों और 30 डेरों की भी सघन चेकिंग की.अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान में 15 प्रकरण दर्ज कर 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान 66.42 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40,820 रुपये आंकी गई है. साथ ही दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 48,000 रुपये बताई गई है.पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है. उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके.

# शराब दुकान हटाने को लेकर फिर गरमाया माहौल

**भाजपा-कांग्रेस संयुक्त धरने पर**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 1 अप्रैल स्टेशन क्षेत्र में भगवान श्री राम हनुमान मंदिर एवं भगवान भोलेनाथ मंदिर के निकट स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो गया है. पिछले दो दिनों से भाजपा और कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं.**

बताया जा रहा है कि पिछले लगभग 15 वर्षों से क्षेत्रवासी, महिलाएं और विभिन्न राजनीतिक दल इस शराब दुकान को हटाने की मांग करते आ रहे हैं. इस संबंध में कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है.पूर्व में कमलनाथ सरकार के दौरान तत्कालीन विधायक श्रीमती लीना संजय जैन, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा एवं कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे और दुकान को हटाने की मांग की थी. बाद में सरकार बदलने के बाद भी यह मामला जस का तस बना रहा.स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान मुख्य सड़क से मात्र चार फीट की दूरी पर स्थित है और इसके आसपास धार्मिक स्थल मौजूद हैं. इसके अलावा सामने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा है, जहां पूर्व में कई बार लूटपाट की घटनाएं हो चुकी हैं. आरोप है कि असामाजिक तत्व दुकान के आसपास मंडराते रहते हैं और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देते हैं.क्षेत्रवासियों ने बताया कि पूर्व कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आगामी मार्च में नीलामी के समय दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ.फिलहाल भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता धरने पर बैठे हुए हैं और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त शराब दुकान को शीघ्र हटाया जाए.

## 2.07 लाख की चोरी का खुलासा,नटेरन पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा

नवभारत न्यूज

**नटेरन.** थाना क्षेत्र में हुई 2.07 लाख की चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी एवं मोबाइल भी बरामद किया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मरखेड़ा निवासी योगेश दांगी ने 1 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दीवान व अलमारी में रखी ?2,07,000 नगदी तथा रेडमी नोट 7 प्रो मोबाइल चोरी कर लिया.मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में पुलिस ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही प्रदुम्न मीणा से पूछताछ की.पूछताछ में उसने अपने साथियों तनवीर मीणा और बब्लू भोई के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15,100 नगदी एवं एक

# मुखर्जी नगर पार्क में पानी की टंकी निर्माण का विरोध, रहवासियों ने जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. नगर पालिका द्वारा मुखर्जी नगर स्थित पार्क में पानी की टंकी निर्माण कराए जाने के फैसले का स्थानीय रहवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है. क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह पार्क आसपास के बच्चों और परिवारों के लिए एकमात्र खुला स्थान है, जहां वे प्रतिदिन समय बिताते हैं.**

रहवासियों का कहना है कि पार्क के भीतर टंकी निर्माण होने से खेल और अन्य गतिविधियों के लिए उपलब्ध जगह काफी कम हो जाएगी. पहले ही क्षेत्र में खुले मैदानों की कमी है, ऐसे में पार्क का हिस्सा कम होने से बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने में परेशानी बढ़ेगी.स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की टंकी के निर्माण के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए, ताकि पार्क का स्वरूप और उपयोग प्रभावित न हो.रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विरोध आगे भी जारी रहेगा.वहीं नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह निर्माण जरूरी है. हालांकि, रहवासियों की आपत्तियों पर भी विचार करने की बात कही गई है.

# 7 महीने से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों का विरोध

नवभारत न्यूज

**विदिशा. स्थित एस.ए.टी.आई. पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में हो रही लगातार देरी को लेकर विरोध जताया है. कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वेतन समय पर नहीं मिल रहा है और बीते 7 महीनों से उन्हें कोई वेतन प्राप्त नहीं हुआ है.**कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार अनुरोध और ज्ञापन देने के बावजूद प्रबंधन द्वारा न तो वेतन भुगतान सुनिश्चित किया गया और न ही कोई स्थायी समाधान प्रस्तुत किया गया. इससे



कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है. साथ ही संस्थान का शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है.स्थिति से आक्रोशित कर्मचारियों ने संस्थान के सरकारी अधिग्रहण की मांग उठाई है, ताकि वेतन समय पर मिल सके और संस्थान का संचालन सुचारू रूप से हो सके.कर्मचारियों ने प्राचार्य से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपील की है.

# विदिशा में घर-घर कचरा संग्रहण की नई व्यवस्था शुरू, नगर पालिका ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा घर-घर से कचरा एकत्रित करने की नई व्यवस्था शुरू की गई है. इसके लिए प्राइवेट एजेंसी से अनुबंध कर कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा कचरा वाहनों का पूजन-अर्चन कर उन्हें नगर के सभी वार्डों के लिए रवाना किया गया.

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से कचरा संग्रहण कार्य में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अब शहर में घर-घर से कचरा निजी एजेंसी के माध्यम से नियमित रूप से एकत्रित किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए.उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से शहर पहले से अधिक साफ और स्वच्छ दिखाई देगा. अब सड़कों और स्थानों पर कचरे के ढेर नजर नहीं आएंगे,



क्योंकि कचरा वाहन सीधे घर-घर पहुंचकर कचरा एकत्रित करेंगे.नगर पालिका द्वारा इस कार्य में नई तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है. यदि किसी वार्ड में कचरा वाहन किसी घर तक नहीं पहुंचता है तो इसकी जानकारी तत्काल नगर पालिका को प्राप्त हो जाएगी, जिसके बाद तुरंत वाहन भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है.इस दौरान नगर पालिका प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# जिले के कई क्षेत्रों में गिरे ओले, हुई बारिश

**फसलों के नुकसान का आंकलन करने के लिये खेतों में पहुंचेंगी टीमें**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पिछले तीन दिन से जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है जहां सोमवार को तेज हवा आंधी चली तो मंगलवार को मौसम साफ रहा.लेकिन बुधवार की दोपहर से मौसम में अचानक बदलाव आया और शाम होते होते तक तेज हवा, आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया. वहीं देर शाम विदिशा जिले के नटेरन तहसील के तहत आने वाले गांव परसौरा, अंडिया, कौंलिजा और गुलाबगंज क्षेत्र में ओले गिरने की जानकारी सामने आयी है. वहीं ग्राम परसौरा में भी ओले गिरे



हैं.शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में गिरे ओलों की जानकारी पर विधायक ने राजस्व अमले को फसलों के हुये नुकसान के सर्वे के लिये निर्देशित किया है.हालांकि जिले में अधिकांश जगह पर फसलें कट चुकी हैं लेकिन कटी हुयी फसल खेतों में पड़ी हुयी जिसके चलते गेंहू और चने की चमक कम हो सकती है और भाव कम मिलने की आशंका जताई जा रही है.

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सांची. अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो गांजा एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है.**

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एसडीओपी कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. दिनांक 31 मार्च 2026 को मुखबिर से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया.पकड़े गए आरोपियों में राहुल (22 वर्ष) एवं जसवंत (19 वर्ष),



दोनों निवासी ग्राम टपरा पठारी थाना कोतवाली रायसेन शामिल हैं. तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 4 किलो अवैध गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 60 हजार रुपये आंकी गई है.पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी सहित पुलिस टीम के सहायक उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक ध्रुव सिंह, दिलीप रघुवंशी, सुरेश गोहे, आरक्षक मिथुन प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, सौरभ रघुवंशी एवं सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार की सराहनीय भूमिका रही.

# मथुरापुर में प्याऊ का हुआ शुभारंभ राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी

नवभारत न्यूज

**पठारी. मध्य प्रदेश जन अभियान** परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम मथुरापुर शानवी मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम मथुरापुर में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया.

यह प्याऊ गंजबासौदा-पठारी मुख्य मार्ग पर स्थापित किया गया है, जिससे राहगीरों को गर्मी के मौसम में राहत मिल सकेगी. संस्था का मुख्य उद्देश्य जनहित में नए-नए नवाचार करते हुए लोगों तक सुविधाएं पहुंचाना है.यह कार्य जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन एवं मेंटर्स संदेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया. संस्था द्वारा क्षेत्र में लगातार जनसेवा से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं.कार्यक्रम में संस्था प्रमुख जीवन सिंह अहिरवार, पूर्व सरपंच मीरा बाई महोबिया, अजय, विनोद कुमार, अंकित, गोलू महोबिया, खुशी बाई, एमएसडब्ल्यू छात्रा जया सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नटेरन, जिला विदिशा (म0 प्र0)**

प्र0क0 0096/अपील / 2025-26

1- वेदप्रकाश पुत्र हजारीलाल ब्राम्हण
2- सत्यप्रकाश पुत्र हजारीलाल ब्राम्हण
3- ओमप्रकाश पुत्र हजारीलाल ब्राम्हण निवासी ग्राम रिनिया तहसील नटेरन जिला विदिशा ....................**अपीलांट**

**विरूद्ध**

**1**- भारतसिंह पुत्र जवाहरसिंह निवासी ग्राम रिनिया, **2**- प्रकाश पुत्र सूरतसिंह निवासी ग्राम रिनिया, **3**- मखमलबाई बेवा अनंत निवासी डंडापुरा विदिशा, **4**- बब्लू पुत्र नर्वदाप्रसाद निवासी डंडापुरा विदिशा, **5**- प्रकाश पुत्र हजारीलाल निवासी सिंधी कॉलोनी विदिशा जिला विदिशा म.प्र................. **रेस्पोडेंट**

**: समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचना पत्र :**

एतद द्वारा रेस्पोडेंट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलांट बेदप्रकाश पुत्र हजारीलाल ब्राम्हण आदि निवासी ग्राम रिनिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा तहसीलदार नटेरन के प्रकरण क्रमांक 0450/अ-6/2025-26 गोपाल सिंह बनाम मध्य प्रदेश शासन ग्राम रिनिया में पारित आदेश दिनांक 15/12/2025 के विरूद्ध म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आगामी **दिनांक 06.04.2026** सुनवाई हेतु नियत है। अत: आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
सूचना पत्र आज **दिनांक 25.03.2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**( अजय प्रतापसिंह पटेल )**
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग-नटेरन

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**आयोजन** | **स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव आयोजित, जिले भर में हुए कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**विदिशा. विदिशा जिले के शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बरईपुरा में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायकमुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा (नगर पालिका विदिशा), संस्था के प्राचार्य श्री बलराम चौधरी एवं डीपीसी श्री आर.पी. लखेर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे.इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया. अतिथियों ने बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सभी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया.जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और स्कूल चले हम अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों को विद्यालय अवश्य भेजें, ताकि वे शिक्षित होकर समाज एवं देश के विकास में योगदान दे सकें.कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ा जाएगा और एक शिक्षित, सशक्त समाज का निर्माण किया जाएगा.

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल का किया वितरण



शासकीय कन्या उमावि शेरपुरा विदिशा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना एवं उनमें आत्मविश्वास और उत्साह का संचार करना रहा.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया.इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी एवं प्राचार्य श्रीमती सीमा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम के दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुष्पमाला एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं साइकिल वितरित की गई.अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालय की इस पहल की सराहना की. पूरे कार्यक्रम का वातावरण हर्षोल्लास एवं उत्साह से परिपूर्ण रहा.अंत में अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया.

## सिरोंज में प्रवेशोत्सव में छात्रों को किया पुस्तकों का वितरण

एक अप्रैल से प्रारंभ हुए नवीन शिक्षण सत्र को लेकर शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया. नगर के शासकीय संदीपनी विद्यालय में विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया. स्कूल परिसर में आयोजित उत्सव में नवीन कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश कराने के साथ शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकों का वितरण भी किया गया. साथ ही छात्र एवं छात्राओं का मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी का पूजन कर किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नन्हे बच्चे ही आने वाले कल में भारत का भविष्य है. उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी.



पार्षद रीना शर्मा ने शिक्षा के साथ छात्रों से गुणात्मक विकास करने की बात कहते हुए खेल कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़ चढकर हिस्सा लेने की बात कही. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने शासन की मंशा से अवगत कराते हुए छात्रों से पढ़ाई में कड़ी मेहनत करने एवं अनुशासन का पालन करने की बात कही. प्राचार्य महेश ताम्रकार ने शासन द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया. इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये. कार्यक्रम का संचालन शान मियां एवं आभार करन सिंह विश्वकर्मा ने जताया. इस अवसर पर जनपद में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, पार्षद प्रतिनिधि तोषमणि पंथी, संजय सोनी, सचिन शर्मा, बीईओ पुष्पेंद्र वर्मा, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे.

## गंजबासौदा के शासकीय माध्यमिक शाला मडिया सेमरा में प्रवेश उत्सव आयोजित

ग्राम मडिया सेमरा के शासकीय माध्यमिक शाला में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर स्कूली बच्चों का पुष्प भेंट कर एवं अक्षत-रोली लगाकर स्वागत किया गया.कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुंदर सिंह दांगी एवं रामकृष्ण पाल, पंचायत सचिव अनंत सिंह विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को नवीन पाठ्य पुस्तके, स्कूल बैग एवं पेन-पेंसिल किट उपहार स्वरूप भेंट की गई.।

आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री का संदेश दृश्य-श्रव्य माध्यम से दिखाया गया, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा.इस अवसर पर शाला प्रभारी जितेंद्र यादव, रत्ना पांडेय, परसराम दुबे, रश्मि सकवार, प्रकाश अहिरवार सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे. वहीं योगेंद्र चिड़ार, धन सिंह दांगी, वीरेंद्र अहिरवार सहित पालकगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए.

## पठारी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2024-25 का प्रवेश उत्सव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक एवं दीप प्रज्वलन कर की गई.

इस अवसर पर रंगोली सजाई गई तथा बालिकाओं को तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया गया. यह अभियान 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी.अभियान के दौरान शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया.